<u>**नर्सरी स्कूल प्रयोगशाला में नन्हे बच्चों के लिए भावपूर्ण फेयरवेल समारोह आयोजित**</u>

पंतनगर। 19 अप्रैल 2026। नर्सरी स्कूल प्रयोगशाला के अंतर्गत 18 अप्रैल 2026 को सत्र 2025–26 के नन्हे–मुन्ने बच्चों के लिए एक भावपूर्ण फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह की शुरुआत डा. अदिति वत्स , विभागाध्यक्ष, एच.डी.एफ.एस. विभाग द्वारा विशेष अतिथि डा. अल्का गोयल को पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें नृत्य एवं कविता शामिल थी। नन्हें बच्चों की मासूम अदाओं ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की उपलब्धियों को भी सराहा गया। नन्हे बच्चों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ के लिए अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा उपहार की व्यवस्था की गई थी।

अभिभावकों ने भी स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि स्कूल ने उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर बच्चों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में विशेष अतिथि द्वारा अभिभावकों को उनके बच्चों के लिए कुछ नए सुझाव, शुभकामनाएँ और उज्ज्वल भविष्य की कामना दी गई।